# आशा: भारत-यूरोपीय संघ के बीच मित्रता और मजबूत होगी : मोदी

रोम | एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष नेताओं के साथ कोरोना समेत कई मुद्दों पर व्यापक वार्ता की। बैठक में कारोबार, वाणिज्य, संस्कृति और पर्यावरण सहित भारत-ईयू मित्रता को प्रगाढ़ बनाने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ और भारत के बीच मित्रता और मजबूत होगी।

जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे प्रधानमंत्री ने ईयू के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेरलेयेन के चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट में कहा, नेताओं ने आर्थिक और लोगों के बीच परस्पर रिश्तों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को रोम में इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्रैगी से मिले। • एएफपी

कहा, हमने कारोबार, वाणिज्य, संस्कृति और पर्यावरण सहित भारत-ईयू मित्रता को और प्रगाढ़ बनाने के बारे में बात की। मिशेल ने कहा, हरित बदलाव में भारत को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। हमने महामारी से लड़ने के उपायों, मजबूत ईयू-सामरिक गठजोड़, अफगानिस्तान की स्थिति और हिन्द प्रशांत के बारे में चर्चा की। लेयेन ने कहा कि हमारा सामरिक एजेंडा सही मार्ग पर है। प्रौद्योगिकी पर साथ काम करेंगे।

> टीकों पर सहमति पेज 21